JALAUN POLICE

दिनांक – 03.06.2026

थाना कैलिया पुलिस टीम द्वारा शातिर वाहन चोर को चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल एच.एफ. डीलक्स के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जनपद जालौन के पर्यवेक्षण व अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर / वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना कैलिया पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया तो पुलिस बल को देखकर उपरोक्त मोटर साइकिल सवार हडबडा कर मोटर साइकिल वापस मोड कर जाने लगा। शक होने पर पुलिस बल ने घेराबन्दी कर उक्त व्यक्ति को मौके पर ही पकड़ लिया। पकडे गये व्यक्ति से मोटर साइकिल के प्रपत्र मांगे गये तो उपलब्ध नहीं करा सका।

पूछताछ में उसने अपना नाम साहिल पुत्र शाकिर खान उम्र करीब 26 वर्ष नि0 ग्राम साकिन थाना समथर जिला झांसी बताया गया तथा मोटर साइकिल के संबन्ध में बताया कि उक्त मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट जिसका चेसिस नं MBLHA11ATF9L28010 हीरो एचएफ डीलक्स वर्ष 2025 में दिनारा जिला शिवपुरी (म.प्र.) से चोरी की थी।

मोटर साइकिल की बरामदगी के आधार पर थाना कैलिया पर मु0अ0सं0 48/2026 धारा 317(2) बीएनएस बनाम अभियुक्त साहिल पुत्र शाकिर खान उम्र करीब 26 वर्ष नि0 ग्राम साकिन थाना समथर जनपद झांसी पंजीकृत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–

1- साहिल पुत्र शाकिर खान उम्र करीब 26 वर्ष नि0 ग्राम साकिन थाना समथर जिला झांसी।

अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

बरामदगी का विवरण-

1- एक अदद मोटर साइकिल हीरो एचएफ डीलक्स बिना नंबर प्लेट, चेसिस नं MBLHA11ATF9L28010

गिरफ्तार करने वाली टीम:-

1- थानाध्यक्ष कैलिय मय पुलिस टीम